बजरी माफिया से सांठगांठ मामले में मांडल एसएचओ, एएसआई व हैड कांस्टेबल सस्पेंड

बजरी खनन को लेकर की गई कार्रवाई में जेसीबी और अन्य वाहन बदलने की शिकायत सामने आई थी

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले की मांडल थाना पुलिस और बजरी माफिया से सांठ-गांठ को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बड़ा एक्शन लेते हुए मांडल एसएचओ विक्रम सेवावत, एएसआई नंदलाल गुर्जर और हैड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया है। बजरी खनन को लेकर की गई कार्रवाई में जेसीबी और अन्य वाहन बदलने की शिकायत सामने आई थी, जिसकी एसपी ने मांडल डिप्टी मेघा गोयल से जांच करवाई थी। थाने के सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए। इसमें जो जेसीबी दिखी और ई-साक्ष्य पर जो एसीबी की तस्वीर अपलोड की गई। दोनों में अंतर था। इस बीच, दो दिन पहले बजरी माफिया से भी रिश्वत मांगने की शिकायत पर एसीबी ट्रैप करने पहुंची, लेकिन एसएचओ के थाने में नहीं मिलने से ट्रैप नहीं हो पाया।

जानकारी के अनुसार मांडल थाना क्षेत्र में गत दिनों पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की थी। पुलिस ने तीन-चार वाहन जब्त कर बजरी माफिया पर मामला भी दर्ज किया था। इस कार्रवाई के बाद शिकायत मिली कि मौके से जो नई जेसीबी पकड़ी गई, वह थाने पहुंचते-पहुंचते बदल गई। दिखाई गई पुरानी जेसीबी मौके से पकड़ी गई नई जेसीबी से अलग थी। इस संबंध में एसपी धर्मेंद्र सिंह तक शिकायत पहुंची तो उन्होंने डीएसपी मेघा गोयल से पूरे मामले की जांच करवाई। जांच में ई-साक्ष्य सहित अन्य दस्तावेज खंगाले गए और गवाहों से बयान भी लिए गए। इसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद एसपी धर्मेंद्रसिंह ने शुक्रवार को एसएचओ विक्रम सेवावत, एएसआई नंदलाल गुर्जर और हैड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए।

जब्ती में थाने में नई की जगह रखी पुरानी जेसीबी।

ट्रैप चूकी एसीबी, कोठारी नदी में बजरी खनन के तोड़-बट्टे में मामला बिगड़ा :- सूत्रों के अनुसार एक-दो दिन पहले मांडल थाना इलाके में सरस डेयरी के पीछे स्थित कोठारी नदी में से बजरी माफिया को अवैध खनन करते पकड़ा गया। बजरी भरा वाहन पकड़ने के बाद उसे छोड़ने की एवज में थानाधिकारी के नाम पर अवैध रूप से करीब 50 हजार रुपए की राशि मांगी गई। बताया गया कि कुछ राशि दे भी दी गई, लेकिन राशि पूरी नहीं मिलने पर तोड़-बट्टा चलता रहा। इस बीच इसकी शिकायत एसीबी तक भी पहुंच गई। अवैध बजरी खनन करने वाला तोड़-बट्टे के बाद तय की गई राशि लेकर एसीबी के इशारे पर थाने पहुंच गया और किसी सिपाही के लिए थाने में पूछने लगा। ये सिपाही कुछ समय पहले ही थाने से रवाना हो चुका था। वहीं एसएचओ भी इस दिन जिले से बाहर थे, जिससे ट्रैप की कार्रवाई नहीं हो सकी और एसीबी को बैरंग लौटना पड़ गया। दूसरी ओर, मामला जब सोशल मीडिया पर उजागर किया तो एसपी धर्मेंद्र सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर जांच करवाई। प्रारंभिक जांच के बाद एसपी ने तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। वहीं सूत्रों से यह भी जानकारी मिली कि अवैध बजरी खनन करने वाले को पक्ष में करने की भी कवायद चल रही है।

मांडल एसएचओ विक्रम सेवावत

- डीएसपी मेघा गोयल से पूरे मामले की जांच करवाई, जांच में ई-साक्ष्य सहित अन्य दस्तावेज खंगाले गए और गवाहों के बयान भी लिए गए
- दो दिन पहले बजरी माफिया से भी रिश्वत मांगने की शिकायत पर एसीबी ट्रैप करने पहुंची, लेकिन एसएचओ के थाने में नहीं मिलने से ट्रैप नहीं हो पाया

खनन व क्रशर व्यापारी पर जानलेवा हमला

- पीड़ित का जबरन कैम्पर में डालकर अपहरण किया और मारपीट की

पावटा, (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बुचारा में एक खनन व क्रशर व्यापारी पर जानलेवा हमला कर मारपीट, लूट व अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया हैं। इस सम्बंध में पीड़ित सुभाष चंद मीणा द्वारा प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित ने दर्ज करवाया कि ग्राम बुचारा में उसकी एक खान व क्रशर हैं। विगत 18 सितम्बर को करीब प्रात: 9 बजे गांव के असामाजिक तत्व नामजद निवासी मीणों का बास, बुचारा अन्य 08-10 लोगों के साथ गैंग बनाकर कैम्पर में अवैध हथियार देशी कट्टा लेकर आ गये एवं आते ही फायरिंग करने लगे। रोकने पर प्रतिमाह 5 लाख रूपयों की मांग करते हुये रूपये नहीं देने पर खान नहीं चलने की धमकी देते हुये आग बबूला होकर पीड़ित सुभाष चंद व उसके भाई नरेन्द्र एवं विक्की पर हमला करते हुये मारपीट करने लगे। पीड़ित को जबरन कैम्पर में डालकर अपहरण कर सुनसान जगह में ले गये। जहां गंभीर मारपीट की। जिससे पीड़ित के दोनों पैरों में गहरी चोटें आई हैं। यही नहीं इस दौरान दो लाख रूपये किमत की दो सोने की अंगुठी व 25 हजार रूपये की नकदी भी पीड़ित के पास से निकाल ली। इस दौरान परिवादी के परिजनों व ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने की सूचना पर फरार हो गये। रिपोर्ट में बताया कि बदमाश प्रवृति के उक्त असामाजिक तत्वों ने एक अपराध गिरोह बना रखा हैं जो खान व क्रेशर मालिकों से प्रतिमाह अवैध वसूली करते हैं। पीड़ित को भी 5 लाख रूपये नहीं देने पर जान से मारने की फिराक में हैं। इस सम्बंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

दुष्कर्म मामले में एक गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (निसं)। चूनावढ़ पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बहन के अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। मामले की जांच के दौरान 19 सितंबर को नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया। नाबालिग के बयानों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि नाबालिग लड़की की शादी करवाई गई। आरोपी पंजाब में छुप गए थे। इस केस में दो दिन पहले भी एक गिरफ्तारी हुई थी। जानकारी के अनुसार केस का मुख्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

ट्रेनों को रुकवाकर यात्रियों से लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- टीम ने छापेमारी एक आरोपी को दबोच एक कार जब्त की, तीन जने फरार हो गए
- 7 अगस्त और 8 सितंबर को चार से पांच पैसेंजर गाड़ियों में मांडल से रायला स्टेशन के बीच ग्रीन सिग्नल को रेड करके ट्रेन को रुकवाया
- इसके चलते लोको पायलट को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े, ट्रेन के रुकने पर सवारियों से लूटपाट की थी

भीलवाड़ा, (निसं)। रेलवे पुलिस ने एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए पैसेंजर गाड़ियों में सैकड़ों सवारियों की जान जोखिम में डालने से भी पीछे नहीं हटते।

जानकारी के अनुसार 7 अगस्त और 8 सितंबर को चार से पांच पैसेंजर गाड़ियों में मांडल से रायला स्टेशन के बीच ग्रीन सिग्नल को रेड करके ट्रेन को रुकवाया। इसके चलते लोको पायलट को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े। जिस कारण हादसा हो सकता है। गनीमत रही कि ऐसा नहीं हुआ। ट्रेन के रुकने पर सवारियों से लूटपाट की। इस वारदात के बाद रेलवे पुलिस के लिए गुत्थी बन गई कि आखिर भीलवाड़ा जैसे शांत जिले में ऐसी कौनसी गैंग है जो इस पैटर्न पर लूटपाट करने लगी है। बड़ी वारदात और जनहानि की आशंका के चलते रेलवे के बड़े अधिकारी ने भी मौके पर पहुंचकर मुआयना किया है। इस गैंग के पता लगाने के लिए 14 सदस्यों की टीम बनाई गई, जिनमें रेलवे पुलिस, जीआरपी, साइबर सेल के एएसआई आशीष शर्मा और हैड कॉंस्टेबल दीपक सुथार की मदद ली गई। टीम ने तफ्तीश शुरू की तो पता चला कि सिग्नल को रेड करने के लिए पटरियों के खाली जगह में सिक्के डाल देते थे। इससे अचानक रेड होता और ट्रेन के ड्राइवर को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़ते। फिर ट्रेन में चढ़कर लूटपाट करते हैं।

हैड कॉन्स्टेबल दीपक सुथार ने टावर लोकेशन निकालकर मोबाइल नंबर ट्रेस करने लगे तो पता चला कि हरियाणा के कुछ नंबर भी रेंज में आ रहे हैं। इधर, सीसीटीवी फुटेज में एक हरियाणा नंबर पासिंग की कार भी दिखी है। संयुक्त टीम ने छापेमारी की तो आरोपी विशाल उर्फ विशाल नेहरा को दबोच लिया। एक कार आई 20 को भी जब्त कर लिया। विशाल के साथी राहुल, बिट्टू व राकेश के ठिकानों पर दबिश दी गई लेकिन विशाल मेहरा की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही तीनों फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आरोपी विशाल उर्फ विशाल मेहरा पर हरियाणा में पांच अपराधिक मामले दर्ज हैं। वांछित आरोपी राहुल पुत्र चैना निवासी टोहाना, हरियाणा के खिलाफ इस तरह के की घटनाओं के विभिन्न राज्यों में 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि हरियाणा की बजाय दूर दराज के इलाकों में ट्रेन को रुकवाकर लूटपाट करते फिर हरियाणा वापस निकल जाते, ताकि किसी को पता नहीं चले।

युवक की संदिग्ध मौत का मामला हत्या में तब्दील

श्रीगंगानगर, (निसं)। यहां अप्रैल माह में हुई एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला अब हत्या में तब्दील हो गया है। मृतक के पिता द्वारा अदालत में दायर किए गए इस्तगासा के आधार पर पुरानी आबादी पुलिस ने युवक की पत्नी सरोज निवासी सिहागावाली, युवक मीतू निवासी ढूडियांवाली ढाणी सादुलशहर व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार सादुलशहर तहसील के गांव 9 एलएलजी निवासी रामलाल ने इस्तगासा के माध्यम से बताया कि उसके बेटे मदनलाल की शादी पहले प्रमिला से हुई थी, जिसकी बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद परिवारवालों ने मदनलाल का विवाह प्रमिला की छोटी बहन सरोज से कर दिया। परिवादी का आरोप है कि शादी के बाद सरोज का व्यवहार सही नहीं रहा। आरोप है कि सरोज, मीतू व अन्य ने मदनलाल को स्प्रे पिलाया, जिससे उसकी मौत हो गई।

जयपुर से काम के सिलसिले में बीकानेर पहुंची महिला से दुष्कर्म

आरोप है कि जिस होटल में वह ठहरी थी, उसी होटल में उसके साथ हैवानियत की गई

- होटल का मालिक महिला को रूफटॉप पर ले गया, उसे जबरदस्ती शराब पिलाई और गलत काम किया
- बताया जा रहा है कि 36 साल की महिला जयपुर में रहकर प्रॉपर्टी कंसल्टेंट का काम करती है

बीकानेर, (निसं)। जयपुर से काम के सिलसिले में बीकानेर गई महिला से रेप किया गया। आरोप है कि जिस होटल में वह ठहरी थी, उसी होटल में उसके साथ हैवानियत की गई। उसी होटल का मालिक महिला को रूफटॉप पर ले गया। उसे जबरदस्ती शराब पिलाई, फिर उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाए। मामला बीछवाल इलाके के एक होटल का है।

बीछवाल एसएचओ गोविंद सिंह चारण ने बताया कि 25 सितंबर की रात को घटना हुई है। इसकी रिपोर्ट 26 सितंबर को दर्ज कराई गई। एसएचआ ने बताया कि महिला रिपोर्ट दी है। 36 साल की महिला जयपुर में रहकर प्रॉपर्टी कंसल्टेंट का काम करती है। वह 18 सितंबर को प्रोफेशनल काम से बीकानेर आई थी। 23 सितंबर को उसने बीछवाल थाना इलाके के सागर होटल में चेक इन किया था। इस दौरान उसकी मुलाकात होटल मालिक अमित अग्रवाल से हुई। अमित को उसने अपने रियल इस्टेट और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में मार्केटिंग और कंसल्टिंग के बारे में बताया। आरोप है कि इसके बाद से होटल मालिक उसका पीछा करने लगा। वो मंदिर जाती तो भी उसके पीछे-पीछे जाता था। होटल से लेकर बाहर जाने तक, हर गतिविधि पर नजर रखता था। निकिता के व्रत रखने तक पर आपत्ति जताता था। रिपोर्ट में महिला ने बताया कि होटल मालिक ने साथ में शराब पीने का दबाव बनाया। 25 सितंबर को उसे होटल की छत पर ले जाकर शराब पिलाई। इसके बाद होटल मालिक ने निकिता के साथ रेप किया। बीछवाल पुलिस ने इस मामले में महिला का मेडिकल करवाया।

दुकान पर सामान खरीद रहे व्यक्ति पर फायरिंग

भरतपुर, (निसं)। सेवर थाना क्षेत्र की रुद्र नगर कॉलोनी में एक दुकान पर सामान खरीद रहे व्यक्ति पर दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग में व्यक्ति और एक बच्चे को छर्रे लगे हैं। हालांकि इस घटना में दोनों सही सलामत हैं। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही सेवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल है।

पीड़ित डॉ यश चौधरी ने बताया कि शाम पौने सात बजे वह कॉलोनी की एक दुकान पर बच्चों को सामान दिलाने लाया था। उसी दौरान एक बाइक पर दो बदमाश आए और फायरिंग कर दी। घटना के बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना में बाल बाल बाल बच गया। मेरे और एक बच्चे को छर्रे लगे हैं लेकिन दोनों सही है। घटना की जानकारी सेवर पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि मैं उनको नहीं जानता हूं लेकिन सामने आएंगे तो जरूर पहचान लूंगा। सेवर थाना प्रभारी सतीश शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

चोरी का आरोपी घबराहट होने का बहाना बनाकर थाने से फरार

- पुलिस ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी को फिर से पकड़ लिया

सूरतगढ़, (निसं)। सिटी थाने से चोरी का आरोपी घबराहट होने का बहाना बनाकर फरार हो गया। घटना से एक बार के लिए महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी फिर से पकड़कर हवालात में बंद कर दिया।

थानाधिकारी दिनेश सारण ने बताया कि त्रिमूर्ति मंदिर क्षेत्र में एक युवक को लोगों ने चोरी के संदेह में पकड़ा था। आरोप था कि इस युवक ने सिलेंडरों की चोरी की है। सूचना मिलने के बाद थाना के ड्यूटी अधिकारी सब इंस्पेक्टर माणकलाल पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़कर थाना में ले आए। पूछताछ के बाद आरोपी आनंद (26) पुत्र जगदीश जाट, निवासी घमंडिया और हाल निवासी शिवबाड़ी एरिया को रात होने के कारण हवालात में बंद कर दिया। सीआई ने बताया कि इस युवक ने शनिवार सुबह घबराहट होने की शिकायत की जिस पर ड्यूटी पर तैनात संतरी ने उसे हवालात से बाहर निकाल कर बरामदे में पंखे के नीचे बैठा दिया। इसी दौरान संतरी से नजरे बचा कर युवक एकाएक फरार हो गया। घटना का पता लगते ही पुलिस ने युवक का पीछा करते हुए तलाशी शुरू कर दी। जिसे बाद में थाना से कुछ ही दूर पर स्थित पशु अस्पताल के अहाते में उगी हुई झाड़ियों से काबू कर लिया। पुलिस के मुताबिक युवक नशेड़ी किस्म का है।

अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

सूरतगढ़, (निसं)। यहां नेशनल हाइवे संख्या 62 पर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास गंदे पानी के नाले में शनिवार को एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवा कर सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

थाना के उप निरीक्षक दिलीप सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना के बाद वे जाप्ते सहित मौके पर पहुंचे। डेडबॉडी को नाले से बाहर निकलवा कर उसके पहने कपड़ों की तलाशी ली गई, मगर पहचान के कोई दस्तावेज उसके पास नहीं मिले। इस संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ भी की, मगर कोई बड़ी जानकारी सामने नहीं आई। ऐसे में डेडबॉडी को सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। साथ ही शिनाख्ती के प्रयास किया जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। शव भी 2 से 3 दिन पुराना है। आशंका है कि अत्यधिक नशे की हालत में वह नाले में गिर गया होगा और किसी के द्वारा नहीं संभालने पर उसकी मौत हो गई होगी। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से मामले की पड़ताल में जुटी है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री नंदलाल मीणा का निधन

उदयपुर, (निसं)। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व जनजातीय कैबिनेट मंत्री नंदलाल मीणा का लंबी बीमारी के बाद 80 साल की उम्र में निधन हो गया। अहमदाबाद के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके बेटे हेमंत मीणा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। नंदलाल मीणा का जन्म 25 जनवरी 1946 को प्रतापगढ़ जिले के अम्बामाता का खेड़ा गांव में हुआ था। उनके पिता किशनलाल और माता देवीबाई थी। उन्होंने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर से बी.ए. और एल.एल.बी. की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद वे खेती-बाड़ी के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय हो गए। 20 जून 1968 को उनकी शादी सुमित्रा देवी से हुई। उनके एक पुत्र और पांच पुत्रियां हैं । नंदलाल मीणा ने साल 1972 में पहला चुनाव लसाड़िया विधानसभा से लडा। मगर वे चुनाव नहीं जीत सके। 1977 में वे पहली बार जनता पार्टी के टिकट पर उदयपुर ग्रामीण सीट से विधायक बने। वे भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक बने और आदिवासी बहुल इलाकों में पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नंदलाल मीणा (फाइल फोटो)।

नंदलाल मीणा कुल 7 बार विधायक, एक बार सांसद और तीन बार राजस्थान सरकार में मंत्री रहे। वसुंधरा राजे सरकार में उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया। मंत्री रहते हुए उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में हॉस्टल, एनीकट, सिंचाई योजनाएं और सड़कों का व्यापक जाल बिछाया। नन्दलाल मीणा ने 2016 में भील प्रदेश की मांग का समर्थन किया था।

कार से 40 किलो चांदी के जेवर व 20 लाख की नगदी बरामद

- दो व्यापारियों को हिरासत में लिया, डहरामोड पर नाकाबंदी दौरान पुलिस ने कार्रवाई की

नदबई/भरतपुर, (निसं)। राजमार्ग पर डहरामोड़ के समीप लखनपुर थाना पुलिस ने नाकाबंदी दौरान कार्रवाई करते हुए एक गाड़ी से 40.296 ग्राम चांदी के आभूषण व 20 लाख की नगदी बरामद की। जांच पड़ताल दौरान चांदी के आभूषण व नगदी के दस्तावेज उपलब्ध नही होने पर पुलिस ने कार्रवाई कर गाड़ी सहित नगदी व आभूषण जब्त कर दो व्यापारियों को हिरासत में लिया।

पुलिस सूत्रों की मानें तो हरि पर्वत आगरा निवासी रचित जैन पुत्र सलिल जैन अपने साथी व्यापारी कालकंदी विहार आगरा निवासी नितिन शर्मा पुत्र अजयपाल शर्मा के साथ अपनी क्रेटा गाड़ी में नदबई से करीब 40.296 ग्राम चांदी के आभूषण व बीस लाख की नगदी लेकर आगरा जा रहा था। इसी दौरान राजमार्ग पर डहरामोड़ चौकी प्रभारी एदल सिंह के नेतृत्व में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने संदिग्ध स्थिति में गाड़ी को रोक लिया। जांच पड़ताल दौरान गाड़ी से करीब 40 किलो 296 ग्राम के चांदी जेवरात व एक बैग से 20 लाख की नगदी बरामद होने पर पुलिस ने दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा। दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर पुलिस ने गाड़ी, नगदी व चांदी के आभूषण जब्त कर दोनों व्यापारियों को हिरासत में ले लिया। बाद में चौकी प्रभारी एदल सिंह ने चांदी के आभूषण व नगदी को लेकर व्यापारियों से पूछताछ करने के बारे में बताया।

पुलिस ने दो व्यापारियों से चांदी के जेवर व नगदी जब्त की।

जेवरात व नकदी चोरी : उदयपुर, शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ल गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरोड़िया खैरोदा हॉल नला फला देबारी प्रतापनगर निवासी जसवन्तसिंह पुत्र गुलाबसिंह ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 25 सितंबर को मैं परिवार सहित अपने गांव गया था। वहां से दूसरे दिन लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने के दो मंगलसूत्र, कान के झुमके लटकन सहित बच्चे के सोने के कड़े, चांदी की पायल, बिछिया तथा गुल्लक से एवं कमरें में रखी करीब 20 से 25 हजार रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

तीन मकानों से जेवर व नकदी चोरी : उदयपुर जिले के फलासिया थाना क्षैत्र में स्थित तीन सूने मकानों में चोरों ने ताले तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फलायिा थाना क्षैत्र लुणियारा गांव निवासी दिनेश पुत्र कालुराम अहारी के सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर चांदी के जेवर, 60 हजार रूपये नकदी, पड़ोसी जितेन्द्र पुत्र नवल चन्द्र कुमावत के दुकान का शटर तोड़ कर करीब तीन हजार रूपये नकदी तथा घर से 10 से 15 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। इसी दौरान एक अन्य पड़ोसी के मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

जेल में मारपीट, बंदी घायल

उदयपुर, (निसं)। आपसी कहासूनी के दौरान मारपीट होने से जेल में बंदी विचाराधीन केदी घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 सितंबर सवेरे उदयपुर केन्द्रीय कारागृह में किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर बंदी मल्लातलाई अम्बामाता निवासी शिवाल पुत्र अनिल पर बंदी तपीन पुत्र प्रेमचंद, प्रिंस पुत्र ईश्वरसिंह, प्रविणसिंह पुत्र फतेहसिंह, सतीश पुत्र शंकरलाल, ऋषभ पुत्र रामचन्द्र, शाबिर पुत्र मोहम्मद अली ने मारपीट कर दी। इस दौरान नुकीले हथियार से हमला करने पर बचाव के दौरान सिर व हाथ पर मामूली चोट लगने से विशाल घायल हो गया। इसको देख मौजूद सुरक्षा प्रहरियों ने हालात काबू कर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई तेजसिंह कर रहे है।

वहीं उदयपुर में पत्थरबाजी कर चोर टीडी थाना क्षैत्र में स्थित माईन से चोर कबाड़ चुरा ले गए। इस दौरान माईन्स मैनेजर घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीडी थाना क्षैत्र जावरमाला माइंस के कबाड़ में 25 सितंबर को आए चोरों ने पत्थरबाजी की इस दौरान सिर में पत्थर लगने से गार्ड हवासिंह ढाका पुत्र हरलालसिंह ढाका निवासी हासलसर गुडा गौडजी झुझुनू हॉल असाईनमेंट मैनेजर जावरमाला घायल हो गया। इस दौरान चोर कबाड़ से वायर चुरा ले गए।

शाहपुरा में ब्याज माफिया दिलीप गुर्जर पर पुलिस ने कसा शिकंजा

- पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अब कोर्ट में चालान पेश कर जमीन की कुर्की के आदेश की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है
- ब्याज माफिया दिलीप गुर्जर की संपतियों का बाजार मूल्य लगभग 45 करोड़ रूपये बताया रहा है

शाहपुरा, (निसं)। क्षेत्र में ब्याज माफिया के रूप में सक्रिय दिलीप गुर्जर पर लगातार बढ़ते मुकदमों को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अब कोर्ट में चालान पेश कर जमीन की कुर्की के आदेश की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, दिलीप गुर्जर पर कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें प्रमुख रूप से केस संख्या 68/2015 (राजकीय वादा पुलिस पर पथराव मामला), 220/2025 (पुष्पा वैष्णव प्रकरण), 224/2025 (महावीर प्रसाद कुमावत प्रकरण), 269/2025 (प्रहलाद जाट रायपुर) और 260/2025 (गोविंदराम रायपुर) शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुर्जर पर 107 के तहत कुर्की की कार्रवाई की जा रही है गुर्जर की सभी संपतियों को सूचीबद्ध, किया जा रहा है। भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने सभी संपतियों को सीज करने की स्वीकृति दी है।

संपतियों का बाजार मूल्य लगभग 45 करोड़ रूपये है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। अब कोर्ट से जमीन की कुर्क संबंधी आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्याज माफिया के खिलाफ हो रही इस सख्त कार्रवाई से पीड़ित परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।